(ख) यदि हां, तो इस दिशा में अंतिम निर्णय कब तक लिया जाएगा;

(ग) क्या गांधीनगर में मंत्रालय द्वारा अतिरिक्त भूमि प्राप्त किया जाने पर डिब्बों तथा यार्डो के रखरखाव की विशेष सुविधाएं भी प्राप्त हो सकेगी ; और

(घ) क्या राज्य सरकार ने गांधीनगर में अतिरिक्त भूमि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया है?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और योजना और कार्य क्रम कार्यान्वयन मंत्रलय में राज्य मंत्री** (श्री राम नाईक): (क) जी नहीं, अहमदाबाद में क्षमता अभी तक संतृप्त नहीं हुई है । इसलिए गांधीनगर में क्षमता अभी तक संतृप्त नहीं हुई है । इसलिए गांधीनगर में नया टर्मिनल बनाने पर विचार नहीं किया जा रहा है ।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता ।

**रेल प्रशासन द्वारा शिक्षा संस्थान को गिराया जाना**

756. **श्री मुनव्वर हसन**: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि रेलवे प्रशासन ने मई/ जून, 1998 के दौरान महाराष्ट्र के थाणे जिले में एक शिक्षण संस्थान की इमारत को डायनामाइट से उड़ाकर ध्वस्त कर दिया था ।;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि ध्वस्त की गई इमारत की जमीन रेल विभाग की नही थी;

(घ) यदि हां, तो किन कारणों से रेलवे को उक्त इमारत को उड़ाना पड़ा;

(ड) क्या सरकार इस मामले की संपूर्ण जांच कराएगी और

(च) यदि हां, तो कब तक, यदि नहीं,तो इसके क्या कारण है?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और योजना कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय मे राज्य मंत्री** (श्री राम नाईक): (क) जी हां ।

(ख) अप्रैल, 1998 माह के दौरान कल्याण में रेलवे भूमि पर एक पक्का पुनर्बलित कंक्रीट सीमेंट की संरचना नोटिस में आयी थी । यह निर्माण कल्याण के एक निवासी द्वारा किया जा रहा ह्ता जिसे बार-बार निर्माण कार्य तत्काल रोकने के लिए कहा गया था क्योंकि यह रेलवे भूमि पर अनधिकृत निर्माण था । कल्याण-डोम्बीविली नगर निगम, रेलों के प्रतिनिधि और अनधिकृत अधिभोगी द्वारा एक संयुक्त स्थल जांच की गई थी जिससे यह पुष्टि हुई कि कथित निर्माण रेलवे भूमि पर एक अतिकमण था । रेलव भूमि पर अतिक्रमणकारी को आगे निर्माण रोकने और रेलवे भूमि पर अतिक्रमण संरचना हटाने के लिए पुनः कहा गया था जिस पर उसने कोई ध्यान नहीं दिया ।

उपर्युक्त परिस्थितियों में रेल प्रशासन के पास कथित संरचना ढाने के अलाव कोई विकल्प नहीं था । यह 12.5.1998 को कल्याण डोम्बीविली नगर निगम के विध वंस दस्ते के सहयोग से किया गया था ।

(ग) जी नहीं, यह भूमि रेलों की है ।

(घ) यह कथित संरचना रेलवे भूमि पर एक पक्के पुर्बलित कंकीट संरचना का अनाधिकृत निर्माण था ।

(ड) और (च) यह मामला न्यायालय के विचारधीन है ।

**Rate of Railway Freight Traffic Growth**

757. SHRI PREM CHAND GUPTA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Railway freight traffic growth rate is down from 10.2% in June, 1997 to Minus 4.5% in June, 1998; and

(b) if so, how has this effected the growth plans as projected in the Railway Budget?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS, MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING & PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI RAM NAIK): (a) Yes, Sir.

(b) The shortfall in freight traffic growth, basically due to less offer from core sector, particularly coal & steel, has affected the internal resource generation component of the Plan expenditure.

**Introduction of Daily Shuttle Train from Vizag to Borra Caves**

758. SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether there is any proposal to introduce one more daily shuttle train from Vizag to Borra Caves for the development of tourism, in view of heavy traffic;

(b) if so, the details thereof; and